**<u>प्रेस-नोट</u>**

**थाना कोतवाली, झाँसी**

**<u>दिनाँक- 03.08.2025</u>**

- **थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 24 घन्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण ।**
- **शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से सोने चाँदी के जेवरात (कीमत करीब चार लाख रूपये) व 12,200 रू0 नगद बरामद ।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक आज 03.08.2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग के दौरान मुखविर की सूचना पर अभियुक्त साहिल खान उर्फ कल्लू पुत्र जमील खान नि0 गुलाम गौस पार्क ,गेट नं0 2 जिला झाँसी उम्र करीब 21 वर्ष को समय करीब 10.30 बजे फ्रेण्डस कालोनी जाने वाले रास्ते से चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार किया गया ।

**<u>संक्षिप्त विवरण-</u>** दिनाँक 03.08.2025 को वादी श्री प्रदीप नामदेव पुत्र जगदीश नामदेव नि0 पीताम्बरा नगर फिल्टर रोड थाना कोतवाली झाँसी, जनपद झाँसी द्वारा थाना कोतवाली में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनाँक 02.08.2025 को समय करीब 12.00 बजे दोपहर किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके तालाबंद घर में जेवरात तथा 15 हजार रुपये चोरी कर लिये गये हैं । वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 259/25 धारा 305(ए) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था ।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>** –

साहिल खान उर्फ कल्लू पुत्र जमील खान नि0 गुलाम गौस पार्क ,गेट नं0 2 जिला झाँसी उम्र करीब 21 वर्ष ।

**<u>बरामदगी</u>-**

1. एक अदद हार पीली धातु,
2. एक जोड़ी चूड़ी पीली धातु ,
3. एक अदद पैंडिल मंगलसूत्र पीली धातु ,
4. एक जोडी अंगूठी पीली धातु,
5. एक जोडी झुमकी पीली धातु,
6. एक जोडी टाप्स पीली धातु ,
7. दो जोडी पायल सफेद धातु ,
8. सात अदद चूडी सफेद धातु ,
9. तीन जोडी बिछिया सफेद धातु ,
10. चार अदद सिक्के सफेद धातु
11. 12200/- रुपये नगद

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-</u>** प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली मय पुलिस टीम